# क्रियान्वयन हेतु दिशा–निर्देश

**कार्यक्रम का नामः** Hospital Strengthening

**बजट/एफ०एम०आर० शीर्ष (अनुलग्नक 2 के आधार पर):** Repair Rennovation for L-1 MCH Center

**बजट क्रम संख्या/एफ०एम०आर० संख्या (अनुलग्नक–2 के आधार पर):** B.4.1.4.2

**कार्यक्रम का संक्षिप्त विवरण** : गर्भवती महिलाओं एवं नवजात शिशुओं को उत्तम स्वास्थ्य सुविधाएँ प्रदान कराने एवं मातृ मृत्यु अनुपात, शिशु मृत्यु दर को कम करने पर विशेष जोर दिया जा रहा है। इस क्रम में हर गर्भवती एवं शिशु के देखभाल हेतु तीन स्तर पर एम.सी.एच केन्द्र का कार्यान्वयन किया जाना है। इस संदर्भ में मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य केन्द्र (एम.सी.एच. केन्द्र) हेतु लेवल–1 के रूप में प्रत्येक प्रखंड से दो उपस्वास्थ्य केन्द्रों का चयन किया गया है, जिसे संचालित किया जाना है।

उक्त चयनित स्वास्थ्य संस्थान को मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य केन्द्र (एम.सी.एच. केन्द्र) लेबल–1 के रूप में प्रसव एवं नवजात शिशुओं के देखभाल हेतु विकसित किये जाने से सामान्य प्रसव हेतु प्रसूति गर्भवती माताओं को कम दूरी तय करनी होगी जिससे एक ओर संस्थागत प्रसव में वृद्धि होगी, वहीं दूसरी ओर लेबल–2 एवं लेबल–3 के स्वास्थ्य संस्थानों में सामान्य प्रसव का दबाव भी कम होगा ।

**इकाई राशि (रू० में)** : लेबल–1 एम.सी.एच. सेन्टर के रूप में स्वास्थ्य उपकेन्द्र को विकसित करने हेतु इस मद में 1,00,000 प्रति स्वास्थ्य उपकेन्द्र (2HSC/Block) for repair and rennovation का प्रावधान किया गया है।

**वित्तीय दिशा निर्देश** :
इस राशि को जिला स्वास्थ्य समिति सीधे संबंधित स्वास्थ्य केन्द्रों के प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी को आवंटित करेगी अथवा जिला स्वास्थ्य समिति को अगर लगता है कि उनके स्तर से कार्य किया जाना श्रेष्ठकर है, तो जिला स्वास्थ्य समिति इसे निर्णय ले सकती है । यह राशि चयनित संस्थानों के आधारभूत संरचानाओं के विकास के लिए व्यय किया जाएगा । इस राशि से नई संरचना विकसित नहीं करनी है अपितु आवश्यक ढांचागत आधारभूत संरचनाओं से संबंधित व्यय किया जाएगा । पूर्व में जिस प्रकार से आधारभूत संरचनाओं का काम किया जा रहा है, उसी दिशा निर्देश का पालन करते हुये उपरोक्त 1068(दो स्वास्थ्य उपकेन्द्र/प्रखंड) स्वास्थ्य उपकेन्द्रों पर आवश्यक आधारभूत संरचनाओं का कार्य किया जाना है ।

**इस संदर्भ में यदि कोई पत्र पूर्व में प्रेषित किया गया हो (पत्र सं० तिथि के साथ उल्लेखित करें)**

(क) (ख) (ग)

**संबंधित कार्यक्रम अधिकारी/ सलाहकार का नाम** : गौरव कुमार, उपनिदेशक मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य
**संबंधित कार्यक्रम अधिकारी/ सलाहकार का फोन नंबर** : 9431005972,

13/7/13 10/7/13